Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 04 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 67

## महत्वपूर्ण एवं खास

### विदेशी छात्रा ने प्रोफेसर पर रेप की कोशिश का लगाया आरोप

**हैदराबाद (आरएनएस)।** हैदराबाद विश्वविद्यालय की एक विदेशी छात्रा ने एक प्रोफेसर पर उसका यौन उत्पीडऩ करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। थाईलैंड निवासी पीड़िता ने गाचीबोवली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने हिंदी विभाग के 69 वर्षीय प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 23 साल की पीड़िता का आरोप है कि प्रोफेसर ने उसे अपने ऑफिस बुलाया और उसका यौन शोषण करने की कोशिश की। वह भागने में सफल रही और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस प्रोफेसर से पूछताछ कर रही है।

### दो श्रद्धालुओं की कुचलकर मौत

**अमरावती (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक सडक़ दुर्घटना में दो श्रद्धालुओं की कुचलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कनक दुर्गा मंदिर में पूजा करने के लिए श्रीकाकुलम जिले से विजयवाड़ा जा रहे भक्तों को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दो श्रद्धालुओं ईश्वर राव और संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। भवानी दीक्षा दशहरा के बाद कनक दुर्गा मंदिर में मनाया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है। भक्त 40 दिनों तक दीक्षा लेते हैं। इस दौरान वे लाल वस्त्र पहनते हैं और विशेष प्रार्थना करते हैं।

### टीएमसी नेता के घर पर बम धमाका, तीन लोगों की मौत

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार देर रात तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता के घर पर बम धमाका हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग घायल भी हो गए। धमाके के कारण नेता का घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। यह हादसा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी की मेदिनीपुर में शनिवार को आयोजित होने वाली रैली से पहले हुआ है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि टीएमसी नेता के घर में देसी बम बनाए जा रहे थे जिसके चलते यह धमाका हुआ। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सिर्फ बम बनाने का उद्योग चल रहा है। भाजपा ने पूरे मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच करवाने की मांग भी की है। वहीं टीएमसी ने इन आरोपों पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### यूपीएससी 2023 से रेलवे के लिए करेगा भर्ती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यूपीएससी और डीओपीटी के परामर्श से रेल मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) में भर्ती यूपीएससी द्वारा वर्ष 2023 से आयोजित की जाने वाली विशेष रूप से (आईआरएमएस परीक्षा) के माध्यम से की जाएगी। पिछले तीन वर्ष से रेलवे यूपीएससी को रिक्त पदों का इंडेंट नहीं भेज रहा था। इस कारण रेलवे में ऊपरी स्तर पर ने अफसरों की भर्ती बंद थी। आईआरएमएसई दो स्तरीय परीक्षा होगी। प्रारंभिक स्क्रीनिंग परीक्षा, जिसके बाद मुख्य लिखित परीक्षा और साक्षात्कार होगा। परीक्षा के दूसरे चरण अर्थात आईआरएमएस (मुख्य) लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की उपयुक्त संख्या की स्क्रीनिंग के लिए, सभी पात्र उम्मीदवारों को सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में उपस्थित होना आवश्यक होगा और उपयुक्त संख्या में उम्मीदवारों की आईआरएमएस (मुख्य) परीक्षा के लिए स्क्रीनिंग की जाएगी।

### धर्म बदलने वालों के लिए कोई आरक्षण नहीं : मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई (आरएनएस)।** मद्रास हाईकोर्ट ने शनिवार को एक बड़े फैसले में कहा कि कोई व्यक्ति धर्म बदलने के बाद जाति के आधार पर आरक्षण का दावा नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति जी.आर. की अध्यक्षता वाली मद्रास हाईकोर्ट की पीठ स्वामीनाथन ने सबसे पिछड़े समुदाय के एक हिंदू व्यक्ति, जिसने इस्लाम धर्म अपना लिया था, उसकी याचिका खारिज करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता ने बाद में राज्य सरकार की नौकरियों में जाति आधारित कोटा मांगा। पीठ ने कहा कि धर्म बदलने का मतलब है कि वह जाति व्यवस्था को नहीं मानता और तब उसका उस जाति से कोई नाता नहीं रह जाता, जिसमें वह पैदा हुआ था। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह मई 2008 में इस्लाम धर्म अपना लिया।

# जयपुर हाईवे पर ट्रक से टकराई कार, 4 बरातियों की मौत

**आगरा (आरएनएस)।** आगरा के फतेहपुर सीकरी में शनिवार तडक़े भीषण सडक़ हादसा हो गया। फतेहपुर सीकरी टोल प्लाज के समीप आगरा-जयपुर हाईवे पर बरातियों की कार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूल्हा समेत सात घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भिजवाया। दूल्हे की हालत गंभीर बनी हुई है।





हादसे में पेमाराम पुत्र गेनाराम, हेमराम पुत्र गेनाराम, तारा देवी पुत्री पेमाराम, और कार चालक प्रवीण कुमार की मौत हुई है। जबकि दूल्हा नैनाराम समेत सात लोग घायल हैं। बताया गया है कि कार में दूल्हा समेत 13 लोग सवार थे। ये सभी राजस्थान के जिला रामसमंद के गांव सरोड के रहने वाले थे। नैनाराम की शादी बिहार के पटना निवासी युवती से तय हुई थी। शनिवार तडक़े सभी लोग बरात लेकर पटना जा रहे थे। रास्ते में यह हादसा हो गया।

बताया गया है कि ट्रक चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। चालक ने ट्रक को ओवरटेक करते हुए अचानक कट मारा, जिससे बराबर में चल रही कार उसकी चपेट में आ गई। हादसा होते ही टोल प्लाजा के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। ट्रोल प्लाजा प्रबंधक मनीष रंजन ने बताया कि कार में लोग फंसे हुए थे। कर्मचारियों ने उन्हें बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने उसके बारे में जानकारी जुटा रही है। इस हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। पटना में बरात के स्वागत की तैयारी चल रही थी और राजस्थान के राजसमंद में दुल्हन के आने की, लेकिन हादसे की खबर ने लोगों को झकझोर दिया। मृतकों के परिजन आगरा पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## चलती बस में ड्राइवर को आया हॉर्ट अटैक, बीच सड़क कई लोगों को रौंदा

**जबलपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश में दिल दहला देने वाला मामला सामने आय़ा है जहां 50 यात्रियों को लेकर जा रही मेट्रो बस के ड्राइवर को अचानक से हॉर्ट अटैक आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर की मौत के बाद बस अनियंत्रित हो गई और इसने छह यात्रियों को रौंद डाला। इस पूरे घटनाक्रम का दर्दनाक सीसीटवी फुटेज भी सामने आया है। घटना जबलपुर की है। बस ने दमोह नाका क्षेत्र मे ट्रैफिक सिग्नल पर खड़े यात्रियों रौंद दिया। घटना के दौरान लोगों को पहले तो लगा कि मेट्रो बस चालक शराब के नशे में है लेकिन जब लोगों ने मेट्रो बस चालक को बेहोशी की हालत में पाया तो हैरान हो गए। बस चालक को जब अस्पताल ले जाया गया तो वहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दरअसल मेट्रो बस चालक को बस चलाते हुए हार्ट अटैक आ गया था, जिससे उसकी मौत हो गई और वह मेट्रो बस से अपना नियंत्रण खो बैठा। इस हादसे में मेट्रो बस चालक ने ई रिक्शा, ऑटो रिक्शा और दो पहिया वाहन चालकों को भी टक्कर मारी। हादसे में छह राहगीरों को चोटे आई हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

## सड़क किनारे पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, चार की मौत

**ओडिशा (आरएनएस)।** ओडिशा के नबरंगपुर जिले में एक कार के सडक़ किनारे पेड़ से टकराने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हादसे के बाद लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनमें में 4 को मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार यह हादसा कार के तेज रफ्तार होने के कारण हुआ। मृतकों की पहचान नबरंगपुर कस्बे के निवासी मोहम्मद सदाम, अंसार खान, राबिन हियाल और सबन हियाल के रूप में हुई है। हालांकि पुलिस ने कहा कि उन्हें अंदेशा है कि हादसा कोहरे या तेज रफ्तार के कारण हुआ होगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना डाबुगांव इलाके के सोरगुडा में उस समय हुई जब कार में सवार पांच लोग शनिवार तडक़े जिले के उमेरकोट में एक समारोह में शामिल होकर अपने घर नबरंगपुर शहर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि उनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने कोरापुट अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया और एक अन्य व्यक्ति की बेहतर इलाज के लिए आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि एक और व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## घर में घुसकर 10वीं की छात्रा से गैंगरेप, हत्या के बाद लटका दी लाश



**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले के तिरुमलगिरी गांव में 10वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने शनिवार को हिंसक विरोध प्रदर्शन किया। बीती रात घर में अकेली 16 वर्षीय किशोरी शनिवार सुबह फंदे पर लटकी मिली। उसके परिजनों का आरोप है कि तीन युवकों ने घर में घुसकर उसका यौन उत्पीडऩ किया और उसकी हत्या कर दी और हत्या करने के बाद शव को लटका दिया ताकि यह आत्महत्या लगे। पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने अपराध में शामिल होने के संदेह में एक युवक के घर पर हमला किया और कार और बाइक में आग लगा दी। पुलिस ने पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और सभी कोणों से जांच कर रहे हैं। पीड़िता के माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे और घटना के समय वह अकेली थी। उसके परिजनों के मुताबिक बीती देर रात उसने फोन पर अपने पिता से बात की थी, लेकिन जब वे सुबह घर लौटे तो वह मृत पाई गई। पीड़िता के परिवार के एक सदस्य ने कहा कि उसने पिछले दिनों एक संदिग्ध द्वारा उत्पीडऩ की शिकायत की थी। स्थानीय विधायक लक्ष्मा रेड्डी ने गांव का दौरा किया और वादा किया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परिवार के लिए आर्थिक मदद का आश्वासन भी दिया।

## पंजाब के फाजिल्का में पाक ड्रोन से भेजी गई 7.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद, हथियार भी मिले

**सप्लाई लेने आए संदिग्धों पर बीएसएफ ने की फायरिंग**

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के फाजिल्का जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक और प्रयास को नाकाम करते हुए शनिवार को 7 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की। बीएसएफ ने एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हेरोइन की यह खेप एक पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए भेजी गयी थी। बयान में कहा गया कि खेप बरामद करने आए 3 से 4 संदिग्धों की हरकतों को



देखकर बीएसएफ कर्मियों ने गोली चलाई, लेकिन वे भागने में सफल रहे।

बीएसएफ के मुताबिक, शुक्रवार देर रात 12.05 बजे, जवानों ने चूड़ीवाला चुस्ती गांव के पास पाकिस्तानी ड्रोन के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की आवाज सुनी। उन्होंने ड्रोन की दिशा में भी गोलियां चलाईं, जो वापस पाकिस्तान की तरफ चला गया। बीएसएफ ने ट्वीट किया, 'इलाके की तलाशी के दौरान, उन्हें हेरोइन के 9 पैकेट मिले, जिनका वजन 7.5 किलोग्राम था। इसके अलावा एक पिस्तौल, दो मैगजीन और नौ एमएम के 50 कारतूस भी मिले।' बयान में कहा गया, 'सतर्क बीएसएफ जवानों ने एक बार फिर मादक पदार्थों की तस्करी के राष्ट्र-विरोधी तत्वों के नापाक प्रयास को विफल कर दिया।' इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात पंजाब के तरनतारन जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से एक ड्रोन के साथ 5 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। सोमवार को, करीब 10 किलोग्राम हेरोइन लेकर आए दो पाकिस्तानी ड्रोन को बीएसएफ ने अमृतसर और तरनतारन जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर मार गिराया था। बुधवार को, तरनतारन के खालड़ा क्षेत्र के गांव वां तारा सिंह इलाके से एक टूटा हुआ क्वाडकॉप्टर ड्रोन मिला था।

## दिल्ली में लिव-इन पार्टनर की गला काटकर की हत्या, आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर की जा रही है पूछताछ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में श्रद्धा हत्याकांड की तरह ही दिल्ली में एक और दिल दलहा देने वाला घटना हुई है। तिलक नगर थाना क्षेत्र के गणेश नगर इलाके में एक 35 वर्षीय महिला की उसके लिव इन पार्टनर से गला काटकर हत्या कर दी। महिला के गले और जबड़े पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं। डीसीपी वेस्ट का कहना है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पंजाब में जाकर छिप गया था। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिला लिव-इन पार्टनर के साथ किराए के मकान में रह रही थी। महिला की पहचान रेखा रानी के रूप में की गई है। महिला की 16 वर्षीय बेटी भी उसके साथ रह रही थी। मृतक महिला की बेटी इस



मामले में अहम कड़ी मानी जा रही है, जिसके बयान पुलिस ने दर्ज किए हैं। मृतक महिला की बेटी ने बताया कि वह गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल फतेह नगर में 10वीं कक्षा की छात्रा है। वह अपने घर पर अपनी मां और अंकल मनप्रीत सिंह (45) के साथ रहती है और उसका माइग्रेन का इलाज चल रहा है। बीते एक दिसंबर को जब वह सुबह छह बजे उठी तो उसके अंकल मनप्रीत ने उसे गोलियां दीं और सोने को कहा कि जब उसे शक हुआ तो उसने मनप्रीत से मां के बारे में पूछा तो इस पर मनप्रीत ने बताया कि वह बाजार गई हैं। कुछ देर बाद मनप्रीत अपनी आई-20 कार से कहीं चला गया। मनप्रीत के जाने के बाद उसने अपने चचेरे भाई को फोन किया और पश्चिम विहार में अपने चचेरे भाई के घर चली गई। चचेरे भाई ने इसकी सूचना पुलिस को दी और सूचना पर पहुंची पुलिस जब गणेश नगर स्थित घर पहुंची तो दरवाजा बंद मिला। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोडक़र देखा तो रेखा रानी मृत अवस्था में पड़ी थी। उनके चेहरे और गर्दन पर कई घाव थे. दाहिनी अंगुली भी कटी हुई थी।

## ग्रेटर नोएडा में इमारत में आग लगी, 60 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

**नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र के शाहबेरी गांव में स्थित छह मंजिला इमारत के बेसमेंट में शनिवार तडक़े आग लग गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) रविशंकर छवि ने बताया कि आग लगने के चलते इमारत में 60 से ज्यादा लोग फंस गए।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे दमकल विभाग और पुलिस के अधिकारियों ने इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि शाहबेरी गांव के आश्रम वाली गली में स्थित छह मंजिला इमारत के बेसमेंट में



आग लग गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर दमकल विभाग की आधा दर्जन गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं।

उन्होंने बताया कि बेसमेंट में लकड़ी भरी हुई थी, जिसमें आग लगी थी। उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। अपर उपायुक्त ने बताया कि आग बुझाने के बाद पूरी इमारत की छानबीन की गई। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दमकल विभाग से इमारत का अनापत्तिपत्र लिया गया था या नहीं।

## पीएसआई भर्ती घोटाला : कर्नाटक सरकार ने दी एडीजीपी अमृत पॉल पर मुकदमा चलाने की अनुमति

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** कर्नाटक सरकार ने पीएसआई भर्ती घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार एडीजीपी अमृत पॉल पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। चूंकि आरोपी एक आईपीएस अधिकारी हैं, इसलिए कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए सरकार की सहमति आवश्यक थी। सीआईडी ने जेल में बंद आईपीएस अधिकारी के खिलाफ 1,406 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। अमृत पॉल एडीजीपी स्तर के पहले वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्हें पीएसआई घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

आरोप पत्र बेंगलुरू में प्रथम एसीएमएम अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आरोपी अमृत पॉल को मामले का 35वां आरोपी बनाया जा रहा है। सीआईडी जांच अधिकारी डीएसपी बी.के. शेखर ने अपनी जांच में अमृत पॉल के खिलाफ घोटाले को अंजाम देने की साजिश और सब-इंस्पेक्टर के पदों के उम्मीदवारों से पैसे वसूलने की बात कही थी। जांच से पता चला है कि पॉल, जिसने कथित तौर पर पीएसआई पदों के लिए उम्मीदवारों से 1.35 करोड़ रुपये की वसूली की थी, ने अपने सहयोगी शंभूलिंग स्वामी को पैसे दे दिए थे। सीआईडी ने उसके पास से 41 लाख रुपए जब्त किए थे।

भर्ती विभाग में एडीजीपी के पद पर कार्यरत पॉल ने कथित तौर पर अपने जूनियर डीएसपी शांताकुमार और टीम को पीएसआई के 545 पदों पर भर्ती में घोटाला करने दिया था। सूत्रों ने कहा कि भर्ती विभाग से जुड़े अधिकारियों सुनीता बाई, आरपीआई मंजूनाथ और गार्ड ने उनकी भूमिका की पुष्टि करते हुए अपने बयान दर्ज किए हैं।

## गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई पद्म भूषण से सम्मानित, बोले- भारत मेरा हिस्सा है, जहां जाता हूं इसे ले जाता हूं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को सैन फ्रांसिस्को में उनके करीबी परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में व्यापार और उद्योग श्रेणी में 2022 के लिए भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने पिचाई को यह पुरस्कार सौंपा और कहा कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा भारतीय प्रतिभा के वैश्विक नवाचार में योगदान की पुष्टि करती है।

संधू ने ट्विटर पर लिखा कि सैन फ्रांसिस्को में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई को पद्म भूषण सौंपकर खुशी



हुई। मदुरै से माउंटेन व्यू तक की उनकी प्रेरणादायक यात्रा भारत-अमेरिका आर्थिक और तकनीकी संबंधों को मजबूत करता है। साथ ही वैश्विक नवाचार में भारतीय प्रतिभा के योगदान की पुष्टि करता है।

पुरस्कार प्राप्त करने पर पिचाई ने अपने ब्लॉग में कहा कि भारत उनका एक हिस्सा है। उन्होंने लिखा कि भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां भी जाता हूं इसे अपने साथ ले जाता हूं। मैं सौभाग्यशाली था कि मैं एक ऐसे परिवार में पला-बढ़ा, जिसने सीखने और ज्ञान को पोषित किया। माता-पिता ने यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत त्याग किया कि मुझे अपनी रुचियों का पता लगाने के अवसर मिले।

पिचाई ने कहा कि मैं इस अपार सम्मान के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों का बहुत आभारी हूं। मुझे भारत द्वारा इस तरह से सम्मानित किया जाना अविश्वसनीय रूप से सार्थक है।

पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3एस-स्पीड, सिम्पलीसिटी एण्ड सर्विस को संयोजित करने के लिए प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण को भी याद किया। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में घोषणा की थी कि हम भारत के डिजिटल भविष्य में 10 अरब अमरीकी डॉलर का निवेश करेंगे। लोगों के लिए अधिक किफायती इंटरनेट एक्सेस को सक्षम करने के लिए काम करेंगे। भारत की अनूठी जरूरतों के लिए उत्पादों का निर्माण करेंगे। उनके डिजिटल परिवर्तन में सभी आकारों के व्यवसायों की मदद करेंगे और बड़े सामाजिक मुद्दों से निपटने के लिए एआई का उपयोग करेंगे।